नेशनल केडेट कोर

छात्राओं में देशभक्ति का ज़ज्बा एवं चुनौतियों का सामना कर सकने योग्य दक्षता बनाए रखने हेतु महाविद्यालय की नेशनल केडेट कोर समर्पित भाव से सक्रिय रहती है। कैप्टन संगीता माहेश्वरी के नेतृत्व में 108 कैडेट्स ने सत्रपर्यन्त अनेकानेक गतिविधियों में भाग लेकर अनेक उपलब्धियाँ प्राप्त कीं।

01.08.2022 से 16.08.2022 तक दिल्ली में आयोजित स्वतन्त्रता दिवस कैम्प में महाविद्यालय की कैडेट सुश्री गप्पू चूण्डावत ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व और दल का नेतृत्व किया। अनेक देशों से आए युवाओं के साथ संवाद स्थापित कर सांस्कृतिक आदान प्रदान किया।

12.08.2022 से 19.08.2022 तक आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर मे महाविद्यालय के 64 कैडेट्स ने भाग लिया। 600 से अधिक कैडेट्स की उपस्थिति वाले इस कैम्प का नेतृत्व सीनियर अंडर ऑफिसर फातिमा जुक्कर ने किया। कैडेट्स ने समूह नृत्य, क्विज, टग ऑफ वार, में प्रथम, समूह गान, वाद–विवाद, पब्लिक स्पीकिंग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कैडेट विशाखा शर्मा को बेस्ट एंकर का अवार्ड प्राप्त हुआ और महाविद्यालय को ऑवरऑल चैम्पियन की ट्रॉफी मिली।

23 नवम्बर 2023 को आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' में कैडेट साँवर कुंवर ने प्रथम व दीपिका सालवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उदयपुर मुख्यालय द्वारा फतहसागर पर आयोजित इस रैली में आर्मी, नेवी एवं एयर विंग के 500 से अधिक कैडेट्स ने हिस्सा लिया था।

4 से 18 दिसम्बर 2022 को आसाम के सिलचर में आयोजित एक भारत श्रेष्ठ भारत कैम्प में फातिमा जुक्कर और पूर्वा पुरोहित ने गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

26 जनवरी 2023 की गांधी ग्राउण्ड में आयोजित जिला स्तरीय गणतन्त्र दिवस समारोह में महाविद्यालय के 40 कैडेट्स ने मार्च पास्ट और पायलेटिंग की। महाविद्यालय कैडेट दल को परेड प्रदर्शन में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

महाविद्यालय के लिए यह बहुत गौरव का विषय है कि एन.सी.सी. कैडेट सुश्री नीलम सालवी ने नई दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित गणतन्त्र दिवस समारोह में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया । दस–दस दिवसीय छह कैम्प में निरन्तर चयन के पश्चात उसने एक महीने तक दिल्ली में रहकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान वह राजस्थान दल के साथ माननीय राष्ट्रपति प्रधानमन्त्री, रक्षा मंत्री, सीडीएस एवं तीनों सैन्य प्रमुख, डायरेक्टर जनरल एन.सी.सी. से मिली। राजस्थान के एनसीसी दल को सम्पूर्ण भारत में छठा स्थान प्राप्त हुआ। राजस्थान के महामहिम राज्यपाल ने भी 'एट होम' आयोजित कर इनकी उपलब्धियों की प्रशंसा की।

गणतन्त्र दिवस समारोह, 2023

Manisha Raval Ncc
Yesterday, 23:14
Firing🤟🔥
realme Shot on realme C35
REPLY